प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 09.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.....................................................

प्रदेश में जयपुर, कोटा और जोधपुर के सभी 6 निकायों का कार्यकाल आज पूरा हो गया हैं नये निगम के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की तैयारियां की गई हैं इन शहरों में अब एक बार फिर से एक–एक नगर निगम अस्तित्व में आ जायेंगें चुनाव होने तक तीनों निगमो की कमान अब संभागीय आयुक्त संभालेंगें इस संबंध में आदेश जारी किये जा चुके हैं बाकी निकायों में एसडीएम को प्रशासक के तौर पर जिम्मेदारी दी गई हैं

.....................................................

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिये प्रचार आज शाम थम जायेगां इसके लिए दोनो ही पार्टियों के स्टार प्रचारक ने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में पूरी ताकत झोंक रखी हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज अंता विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगें वहीं कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी मांगरोल में रोड़ शो का कार्यक्रम हैं प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार घर घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क कर सकेंगें इस सीट पर 11 नवम्बर को मतदान होगां मतगणना 14 नवम्बर को होगीं

.....................................................

प्रदेश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और रोकथाम के लिए परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा हैं अभियान के तहत परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा लगातार लोगों के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर समझाइश की जा रही हैं भरतपुर में परिवहन विभाग की टीम राष्ट्रीय राजमार्ग सहित शहर में कई स्थानों पर मोटरसाइकिल चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित कर रही है तो वही चौपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने की अपील की जा रही हैं हनुमानगढ में विभिन्न टोल प्लाजा पर नेत्र जांच शिविर लगाये गये हैं जहां, विभिन्न डॉक्टर वाहन चालको की दृष्टि जांच कर रहे हैं

.....................................................

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज एक दिवसीय दौरे पर हनुमानगढ़ पंहुचें यहां उन्होंने गुरू नानक जयंती के उपलक्ष में हुए महासमागम में शिरकत कीं इस मौके पर उन्होंने जनसभा को संबोधित कियांइससे पहले श्री मेघवाल ने श्रीगंगानगर में भाजपा कर्यकर्ताओं से मुलाकात कीं साथ ही आमजन से एसआईआर में सहयोग करने की अपील कीं

.....................................................

आज विश्व विधिक सेवा दिवस हैं यह दिन भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अधिनियम की याद में मनाया जाता हैं इसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गो के बीच कानूनी जागरूकता बढाना और न्याय तक समान पंहुच सुनिश्चित करना हैं इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोगों से न्याय, समानता और कानूनी सशक्तिकरण की भावना का उत्सव मनाने का आग्रह किया हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री गडकरी ने लोगों से समाज के हर वर्ग तक कानूनी सहायता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के प्रयासों को मज़बूत करने का आग्रह कियां

.....................................................

राष्ट्रीय गौरव और एकता की अलख जगाने वाले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में उत्सव का माहौल हैं इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई कार्यकम आयोजित किये जा रहे हैं झुंझुनूं में देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश देते हुए बाईक रैली निकाली गईं बाडमेर में प्रभात फैरी औंर दुपहिया वाहन रैली निकाली गईं इसमें पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहें डूंगरपुर में आज रैली निकाली गई और वीर शहीद स्मारक पर शहादत को श्रद्धाजंलि दी गई इससे पहले कल सांस्कृतिक संध्या रखी गई जहां वंदे मातरम गीत पर आकर्षक प्रस्तुतियां हुईं

....

.....................................................

नवम्बर की दस्तक के साथ ही प्रदेश में सर्दी के तेवर बढ रहे हैं कई जिलों में रात के तापमान में गिरावट देखी जा रही हैं 12 जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया हैं
बीते 24 घंटों में सबसे कम तापमान 7 डिग्री फतेहपुर में दर्ज किया गयां सीकर में 7 दशमलव 5, नागौर में 8, दौसा में 8 दशमलव 6, सिरोही में 8 दशमलव 8, अलवर में 9, करौली में 9 दशमलव 5, चूरू में 9 दशमलव 7, राजधानी जयपुर में 13 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआं मौसम केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में आगामी 7 दिनों तक अगले एक सप्ताह तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा और इसी तरह सर्दी का असर बना रहेगां वहीं अगले 24 घंटों में जयपुर तथा अजमेर संभागों में कहीं–कहीं शीतलहर की संभावना हैं

.....................................................